उत्तर प्रदेश बना देश का चौथा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टिम वाला प्रदेश

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रदेश में निवेश के आँकड़ों का संकलन कर रही एजेंसी केपीएमजी की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश देश का चौथा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टिम वाला प्रदेश बनकर उभरा है।

प्रमुख बिंदु

- वर्तमान में देश में 108 से ज़्यादा यूनीकॉर्न स्टार्टअप मौजूद हैं, जिनमें आठ उत्तर प्रदेश के हैं। उत्तर प्रदेश के सभी 75 ज़िलों में स्टार्टअप हैं, जिनमें आठ यूनीकॉर्न हैं और कई तेज़ी से यूनीकॉर्न बनने की ओर अग्रसर हैं।
- केपीएमजी की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के पे-टीएम, पे-टीएम मॉल, इंडिया मॉर्ट, मोगलिक्स, पाइन लैब्स, इनोवेसर, इंफो एज और फिजिक्स वाला देश के यूनीकॉर्न स्टार्टअप में शामिल किये गए हैं।
- यूनीकार्न वो स्टार्टअप होते हैं, जिसकी वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से अधिक होती है। इसी प्रकार सूनीकॉर्न (सून टू बी यूनीकॉर्न) उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनमें निकट भविष्य में यूनीकॉर्न बनने की क्षमता हो। फिलहाल प्रदेश में दो सूनीकॉर्न स्टार्टअप कार्य कर रहे हैं, इनके नाम क्लास प्लस व इनशॉर्ट्स हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में 49 प्रतिशत स्टार्टअप टियर-2 व टियर-3 शहर से संबंधित हैं। प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टिम से एक लाख से ज़्यादा रोज़गार सृजन के अवसर सृजित हुए हैं।
- प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025 तक 10 हज़ार स्टार्टअप का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसके सापेक्ष वर्ष 2023 के मध्य तक ही यह लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-becomes-the-state-with-the-fourth-largest-startup-ecosystem-in-the-country